एमएमटीसी लिमिटेड
MMTC LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
*touching lives, adding value*

# एमएमटीसी लिमिटेड

सीआईएन : L51909DL1963GOI004033
(भारत सरकार का उपक्रम)
कोर - 1, स्कोप कॉम्पलेक्स
7, इंस्टिट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003
ई-मेलः mmtc@mmtclimited.com, वेबसाइटः www.mmtclimited.com

**दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त तिमाही एवं नौ महीने की अवधि के लिए स्टैंडअलोन अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(करोड़ रु. प्रति शेयर डाटा के अतिरिक्त)

| क्र. स. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ महीने की अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31 दिसंबर, 16 (अनअंकेक्षित) | 30 सितंबर, 16 (अनअंकेक्षित) | 31 दिसंबर, 15 (अनअंकेक्षित) | 31 दिसंबर, 16 (अनअंकेक्षित) | 31 दिसंबर, 15 (अनअंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से प्राप्त कुल आय | 4949.74 | 1422.96 | 3635.40 | 9170.14 | 10607.47 |
| 2 | कर पूर्व शुद्ध लाभ (विशेष और असाधारण मदों से पहले) | 24.71 | 0.95 | 25.32 | 19.98 | 4.62 |
| 3 | कर पूर्व शुद्ध लाभ (विशेष और असाधारण मदों के बाद) | 109.66 | 10.45 | 29.74 | 113.10 | 44.11 |
| 4 | कर के बाद शुद्ध लाभ (विशेष और असाधारण मदों के बाद) | 74.43 | 10.45 | 19.89 | 77.87 | 34.01 |
| 5 | कुल व्यापक आय जिसमें कर के बाद शुद्ध लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय शामिल | 73.34 | 9.24 | 18.97 | 74.45 | 31.25 |
| 6 | प्रदत इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर का अंकित मूल्य ₹ 1/-) | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 7 | **प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 1/-) (वार्षिकीकृत नहीं):** | | | | | |
| | (क) बेसिक | 0.74 | 0.10 | 0.20 | 0.78 | 0.34 |
| | (ख) डायल्यूटिड | 0.74 | 0.10 | 0.20 | 0.78 | 0.34 |

**टिप्पणी :**

1. दिनांक 01 अप्रैल, 2016 से कंपनी ने इंडियन एकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स (आईएनडी एएस) अपनाए हुए हैं और तदनुसार कारपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की दिनांक 16 फरवरी, 2015 की अधिसूचना के अनुसरण में आईएनडी एएस के अनुसार वित्तीय परिणाम तैयार किए जाते हैं। आईएनडी एएस के अनुसार दिनांक 31 दिसम्बर, 2015 को समाप्त तिमाही तथा नौ माह के तुलनात्मक आंकड़े पुनः प्रस्तुत किए जा रहे हैं।
2. सेबी के परिपत्र सं. सीआईआर/सीएफडी/एफएसी/62/2016 दिनांक 05 जुलाई, 2016 के अनुसार अनअंकेक्षित आईएनडी एएस अनुवर्ती स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों में 31 मार्च, 2016 को समाप्त पिछले वर्ष के आंकड़ों को शामिल नहीं किया गया है।
3. सेक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग ओब्लिगेशन्स एंड डिसक्लोजर्स रिक्वायरमेंट्स) विनियम 2015 के नियम 33 के तहत आवश्यक कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त तिमाही के परिणामों की सीमित समीक्षा की गई है।
4. जहाँ कहीं भी आवश्यक हुआ, पिछली तिमाही/वर्ष के आंकड़ों को तुलनात्मक बनाने की दृष्टि से पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
5. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2017 को आयोजित बैठक में समीक्षा की गई तथा उसी दिन आयोजित बैठक में इन्हें निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
6. उपरोक्त विवरण सेबी (लिस्टिंग ओब्लिगेशन्स एंड डिसक्लोजर्स रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के नियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दिये गये वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश मात्र है। वित्तीय विवरणों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.mmtclimited.com) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश से

(वेद प्रकाश)

अध्यक्ष-एवं-प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 13.02.2017

ओ.पी. तुलसियान एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
पत्राचार का पता : जे-1377, पालम विहार
गुड़गांव-122017
+91 124 2368884
rakesh@optulsyan.com

निदेशक मंडल
एमएमटीसी लिमिटेड

सीमित समीक्षा रिपोर्ट

हमने सेबी (लिस्टिंग आब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 दिनांक 5 जुलाई, 2016 के परिपत्र संख्या:सर/सीएफडी/एफएडसी/62/2016 द्वारा यथासंशोधित के रेगुलेशन 15 की अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी द्वारा 31 दिसंबर 2016 को समाप्त तिमाही तथा नौ महीने के लिए तैयार किए गए एमएमटीसी लिमिटेड के स्टैंडअलोन अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों की समीक्षा की है। यह कथन कंपनी के प्रबंधतंत्र की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी इन वित्तीय विवरणों पर अपनी समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट जारी करना है।

हमने अपनी समीक्षा इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया द्वारा जारी स्टैंडर्ड आन रिब्यू इंगेजमेंट(एसआरई) 2410, "कंपनी के स्वतंत्र लेखापरीक्षक द्वारा की गई अंतरिनम वित्तीय सूचना समीक्षा के अनुसरण में की है। इस मानक की अपेक्षा होती है कि हम अपनी समीक्षा की योजना तथा इसका निष्पादन इस प्रकार करें कि हमें यह विश्वास हो जाए कि वित्तीय विवरणों में किसी भी प्रकार से गलत ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया है। समीक्षा मुक्ष्यत: कंपनी के कार्मिकों तथा वित्तीय आंकड़ों पर प्रयुक्त होने वाली विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं से संबंधित पूछताछ तक ही सीमित है तथा यह आडिट की तुलना में कम आश्वासन है। हमने आडिट नहीं किया है अत: हम एक आडिट मत व्यक्त नहीं करते हैं।

हमने जिन वित्तीय परिणामों की समीक्षा की है उसमें कंपनी का 1 क्षेत्रीय कार्यालय, कारपोरेट कार्यालय तथा माइका प्रभाग के परिणाम शामिल हैं तथा 8 क्षेत्रीय कार्यालयों की समीक्षा अन्य आडिटर्स द्वारा की गई है जिन्हें इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया गया था।
अपनी रिपोर्ट में संशोधन किए बिना उपरोक्त स्टैंडअलोन अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के नोट संख्या:1 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें रूपए 93.38 करोड़ को ब्याज आय दर्शाया गया है तथा इसे राज्य सरकार को रिफंड किए जाने वाले देयों के विरूद्व एडजेस्ट किया गया है। ब्याज को दिसंबर 2016 को समाप्त तिमाही के दौरान दर्शाया गया हे जो वर्ष 2008 से 2013 तक की अवधि के दौरान राज्य सरकार की ओर से आयात किए गए आरबीडी पॉम आयल के ट्रांजेक्शन से संबंधित केंद्र सरकार द्वारा जारी की जाने वाली सब्सिडी में हुई देरी के कारण उत्पन्न हुआ है।

अपनी उपरोक्त समीक्षा के आधार पर तथा 8 क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित अन्य आडिटर्स की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद हमें विश्वास होता है कि स्टैंडअलोन अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम जो इनके नोट्स के साथ पठनीय हैं, को कंपनीज एक्ट, 2013 की धारा 133 जो कंपनीज (अकाउंट्स) रूल्स, 2014 के नियम 7 के साथ पठनीय है तथा अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं तथा नीतियों के अनुसार तैयार किया गया है। इनमें ऐसी सूचना व्यक्त नहीं की गई है जो सेबी (लिस्टिंग आब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 तथा दिनांक 5 जुलाई, 2016 के परिपत्र संख्या: सर/सीएफडी/एफएसी/62/2016 द्वारा यथासंशोधित के रेगुलेशन 33 के अनुसार दी जानी अपेक्षित है अथवा इनमें इनमें ऐसा कोई उल्लेख नहीं है कि किसी सूचना को गलत तरीके से प्रकट किया गया है ।

कृते ओ.पी. तुल्सियान एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन :500028एन

राकेश अग्रवाल
पार्टनर
(मेम.नं.081808

दिनांक : 13.02.2017
स्थान : नई दिल्ली